Question Bank , Class X 21-22

Subject- Hindi course b

1- रवि को पुस्तक पढ़ाना व्यर्थ है, उसके लिए तो पुस्तक पढ़ना ------है । उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान भरिए

क- घर की मुर्गी दाल बराबर

ख- काला अक्षर भैंस बराबर

ग- थोथा चना बाजे घना

घ- बहुत कठिन कार्य होना

2- राकेश के फेल होने की खबर सुनकर उसके पिता के----- रिक्त स्थान को उपयुक्त मुहावरे से चुनकर भरिए।

क- घाव पर नमक छिड़क गया

ख- खुशी का ठिकाना नहीं रहा

ग- सुध बुध खो बैठे

घ- जिगर के टुकड़े टुकड़े हो गए

3- युद्ध में भारतीय सेना को हराना पाकिस्तानी सेना के लिए------- जैसा है । उपयुक्त मुहावरा चुनकर रिक्त स्थान भरिए।

क- लोहे के चने चबाने

ख- रंग दिखाना

ग- पीठ दिखाना

घ- तलवार खींचना

4- आतंकवादियों द्वारा पकड़े जाने पर यात्रियों को अपने बचने की --------उपयुक्त मुहावरा चुनकर रिक्त स्थान भरिए ।

क- उम्मीद टूट गई

ख- कोई राह न सूझी

ग- प्राण सूख गए

घ- छठी का दूध याद आ गया

5- झूठ बोलने वाले लोग मुझे-------- । उचित मुहावरे को चुनकर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए ।

क- फूटी आँख नहीं सुहाते

ख- सिर आँखों पर बैठाना

ग- फूला न समाते

घ- बात का धनी हहोना

6- बम की अफवाह फैलते ही सारी सभा------। उचित मुहावरा चुनकर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए

क- तितर-बितर हो गगई

ख- हाय-हाय करने लगी

ग- भीगी बिल्ली बन गई

घ- पीठ दिखाकर भागने लगी

7- बहुव्रीहि समास का सही उदाहरण है

क- हार-जीत

ख- गिरिधर

ग- राष्ट्रपति

घ- नीलगाय

8- तत्पुरुष समास का सही उदाहरण है

क- अनपढ़

ख- घनश्याम

ग- भवसागर

घ- प्रत्यक्ष

9- "गली-गली" में प्रयुक्त समास का भेद है

क- द्वंद्व समास

ख- कर्मधारय समास

ग- द्विगु समास

घ- अव्ययीभाव समास

10-"हस्तलिखित" में प्रयुक्त समास है

क- तत्पुरुष समास

ख- अव्ययीभाव समास

ग- कर्मधारय समास

घ- बहुव्रीहि समास

11-"पुत्ररत्न" में प्रयुक्त समास है

क- तत्पुरुष समास

ख- द्वंद्व समास

ग- बहुव्रीहि समास

घ- कर्मधारय समास

12-द्वंद्व समास का सही उदाहरण है

क- नीलकंठ

ख- अअपना-पराया

ग- रंगमहल

घ- विद्यालय

13-वह खेल में अच्छा है और पढ़ाई में भी । रचना की दृष्टि से वाक्य का भेद है

क- सरल वाक्य
ख- संयुक्त वाक्य
ग- मिश्र वाक्य
घ- सामान्य वाक्य

14-समय कम है इसलिए दिन-रात परिश्रम करना होगा । रचना की दृष्टि से वाक्य का भेद है

क- संयुक्त वाक्य
ख- सामान्य वाक्य
ग- सरल ववाक्य
घ- मिश्र वाक्य

15-मैं जानता हूँ कि तुम जरूर आओगे । रचना की दृष्टि से वाक्य का भेद है

क- मिश्र वाक्य
ख- संयुक्त वाक्य
ग- सरल वाक्य
घ- सामान्य ववाक्य

16-शाम हुई और पक्षी घोंसले में आ गए । वाक्य का मिश्र वाक्य में रूपांतरण होगा

क- शाम को सभी पक्षी घोंसले में आ गए ।
ख- सुबह-शाम पक्षी घोंसले में आते हैं ।
ग- शाम होते ही पक्षी घोंसले में आ गए
घ- जैसे ही शाम हुई सभी पक्षी घोंसले में आ गए

17-निम्नलिखित में से संयुक्त वाक्य है

क- थोड़ा सा ताँबा मिला होता है इसलिए गिन्नी का सोना ज्यादा चमकता है ।
ख- गिन्नी का सोना ताँबा मिला होने के कारण अधिक चमकता है ।
ग- चूँकि गिन्नी के सोने में ताँबा मिला होता है इसलिए गिन्नी का सोना ज्यादा चमकता है ।
घ- गिन्नी और सोना ज्यादा चमकते हैं ।

18-अपराध सिद्ध होते ही उसे सजा हुई । वाक्य का मिश्र वाक्य में रूपांतरण होगा ।

क- अपराध सिद्ध होने पर उसे सजा हुई ।
ख- जब अपराध हुआ तब उसे सजा हुई ।
ग- जैसे ही अपराध से हुआ , उसे सजा हुई ।
घ- जब अपराध हुआ इसलिए उसे सजा हो गई ।

19-आज वह बहुत जल्दी सो गया । क्रिया विशेषण पदबंध छाँटिए-

क- बहुत जल्दी
ख- बहुत जल्दी सो गया
ग- सो गया
घ- आज वह बहुत जल्दी

20-वहाँ उपस्थित हर कोई सहायता के लिए तत्पर था । सर्वनाम पदबंध छाँटिए

क- वहाँ उपस्थित हर कोई
ख- हर कोई
ग- सहायता के लिए तत्पर
घ- वहाँ

21-इतना अच्छा काम करने वाले आप धन्यवाद के पात्र हैं । सर्वनाम पदबंध छाँटिए ।

क- इतना अच्छा
ख- आप प्रशंसा के पात्र हैं
ग- इतना अच्छा काम करने वाले
घ- इतना अच्छा काम करने वाले आप

22-सोने से निर्मित चूड़ियाँ ले आओ । विशेषण पदबंध छाँटिए ।

क- ले आओ
ख- सोने से निर्मित चूड़ियाँ
ग- सोने से निर्मित
घ- चूड़ियाँ ले आओ

23-वृंदावन में स्थित इस्कॉन टेंपल अत्यंत सुंदर है । संज्ञा पदबंध छाँटिए

क- वृंदावन
ख- वृंदावन में स्थित
ग- अत्यंत सुंदर है
घ- वृंदावन में स्थित इस्कॉन टेंपल

24-कमल के पिता जी कल ही चले गए थे । कोष्ठक में लिखित पदबंध का भेद है

क- संज्ञा पदबंध
ख- क्रिया पदबंध
ग- क्रिया विशेषण पदबंध
घ- विशेषण पदबंध

25-मन का आपा खोने से कवि का आशय है ?

क- अपनत्व खो देना
ख- स्वयं डूब जाना
ग- अहंकार खोना
घ- लीन होना

26-कवि के अनुसार कस्तूरी कहाँ से प्राप्त होती है ?

क- दुकान से
ख- मृग की नाभि से
ग- जंगल से
घ- शिकारी के पास से

27-मन का अंधकार किससे समाप्त हो गया ?

क- घी के दीपक जलने से
ख- आकाश में चमकने वाली बिजली के प्रकाश से
ग- ज्ञान रूपी दीपक से
घ- सूर्य के उदय होने पर

28-कबीर के अनुसार जागा हुआ कौन है ?

क- जो ईश्वर का नाम नहीं लेता
ख- जो सांसारिक सुख प्राप्त करता है
ग- जो अपने कार्यों को ध्यान से करता है
घ- जो ईश्वर का वियोग अनुभव करे

29-राम वियोगी की दशा कैसी हो जाती है ?

क- वह बेचैन रहता है
ख- वह व्याकुलता अनुभव करता है
ग- वह पागल हो जाता है
घ- उपरोक्त सभी

30-कबीर के अनुसार पंडित वह है जो -

क- प्रेम का एक अक्षर पढ़ ले
ख- पाठ्यक्रम की सभी किताबों को ध्यान से पढ़ ले
ग- साक्षर व्यक्ति
घ- जिसने ब्राह्मण जाति में जन्म लिया हो

31-श्रीकृष्ण ने मीराबाई की रक्षा कस प्रकार की थी ?

क- चीर बढ़ाकर
ख- चिर बढ़ाकर
ग- सुदर्शन चक्र से
घ- कौरवों को मारकर

32-श्रीकृष्ण ने नरहरि का रूप धारण क्यों किया था ?

क- द्रोपदी की रक्षा के लिए
ख- हाथी की रक्षा के लिए
ग- प्रहलाद की रक्षा के लिए
घ- लोगों को दर्शन देने के लिए

33-श्रीकृष्ण को मीराबाई ने क्या कहकर संबोधित किया है ?

क- हरि कहकर
ख- भगवान कहकर
ग- ईश्वर कहकर
घ- इनमें से कोई नहीं

34-मीरा के पद किस भाषा में रचे गए हैं ?

क- ब्रज मिश्रित राजस्थानी में
ख- हिंदी में
ग- अवधी में
घ- खड़ी बोली में

35-श्रीकृष्ण की चाकरी करने पर मीरा को कौन सी जागीर प्राप्त होगी ?

क- श्रीकृष्ण के दर्शन की
ख- उनकी भक्ति ककी
ग- उनकी सेवा की
घ- अपार धन-दौलत की

36-बड़े भाई साहब छोटे भाई को किस प्रकार के उपदेश देते थे ?

क- पढ़ाई करने के
ख- समय व्यर्थ न गँवाने के
ग- खेलकूद से दूर रहने के
घ- उपर्युक्त सभी

37-लेखक क्यों आँसू बहाने लगता था ?

क- भाई साहब की लताड़ सुनकर
ख- अध्यापक द्वारा डाँटने पर
ग- कार्य के बिगड़ने पर
घ- दादा के धमकाने पर

38-बड़े भाई की डाँट-फटकार खाकर भी लेखक किसका तिरस्कार नहीं करता था ?

क- अपने अध्यापकों का
ख- अपने साथियों का
ग- अपने खेलकूद का
घ- अपनी पढ़ाई का

39-संध्या समय हॉस्टल से दूर लेखक बेतहाशा क्यों दौड़ता जा रहा था ?

क- कनकौआ लूटने के लिए
ख- बड़े भाई साहब की मार से बचने के लिए
ग- अध्यापक के डर ससे
घ- मित्रों से मिलने के लिए

40-भाई साहब ने घमंड न करने के लिए इनमें से किसका उदाहरण नहीं दिया ?

क- अध्यापक का
ख- शाहेरूम का
ग- शैतान का
घ- रावण का

41-निकोबार के लोगों का ततॉंरा से प्रेम करने का कारण क्या था ?

क- क्योंकि वह सबकी सहायता करने के लिए तैयार रहता था ।
ख- वह उनके गाँव का नवयुवक था ।
ग- उसके पास लकड़ी की अद्भुत तलवार थी ।
घ- वह बहुत सुंदर था ।

42-ततॉंरा सम्मोहित हो गया था ।

क- अपनी तलवार की दिव्य शक्ति से
ख- अपनी धुन में खोने से
ग- वामीरो का मधुर संगीत सुनने में
घ- समुद्र के शांत वातावरण से

43- तताँरा कौन सा राग अलाप रहा था ?

क- भैरवी
ख- दरबारी
ग- भीमपलासी
घ- इनमें से कोई नहीं

44-अंडमान द्वीप समूह का अंतिम दक्षिणी द्वीप का नाम है

क- लिटिल अंडमान
ख- लिटिल निकोबार
ग- लपाती
घ- पोर्ट ब्लेयर

45- तताँरा ने क्रोध का शमन करने के लिए क्या किया ?

क- वामीरो की माँ की हत्या कर दी
ख- गाँव वालों पर प्रहार किया
ग- कार निकोबार को दो टुकड़ों में विभक्त कर दिया
घ- वामीरो का अपने जीवन से त्याग कर दिया

46-मानव और प्रकृति के बीच असंतुलन किस रूप में दिखाई दे रहा है ?

क- बिना मौसम के बरसात का होना
ख- नए-नए रोगों का हहोना
ग- प्राकृतिक आपदाओं का आना
घ- ये सभी

47-वे दिन में कई-कई बार आते जाते हैं । इस कथन में लेखक किसकी तरफ संकेत कर रहा है ?

क- अपने मित्रों की ओर
ख- अपने पड़ोसियों की ओर
ग- कबूतरों की ओर
घ- कुत्ते बिल्लियों की ओर

48- लश्कर को नूह के लकब से क्यों याद किया जाता है ?

क- वे बहुत परोपकारी थे
ख- वे किसी की सहायता नहीं करते थे
ग- वे बहुत धनवान थे
घ- वे जीवन भर रोते रहे

49-लेखक के अनुसार धरती पर हक है

क- धरती पर रहने वाले सभी प्राणियों का

ख- मनुष्य का

ग- पशु-पक्षियों का

घ- ईश्वर का

50-शेख अयाज किस भाषा के महाकवि थे ?

क- हिंदी भाषा के

ख- सिंधी भाषा के

ग- उर्दू भाषा के

घ- फारसी भाषा के